p>**14.30 hrs.**

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at thirty minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shri P.H. Pandian *in the Chair*)

MR. CHAIRMAN : Now, we shall take up Matters under Rule 377. Shri Rampal Singh.

Title: Need to expedite opening of proposed sugar mill in Siddharth Nagar district, Uttar Pradesh.

श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज) : सभापति महोदय, हमारा संसदीय जनपद सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश का एक ऐसा जनपद है जिसकी सीमाएं नेपाल राज्य से लगी हुई हैं। यह जनपद बस्ती जिले से कटकर नया सृजित हुआ है। यह बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस जिले में कोई उद्योग धंधे नहीं हैं जिससे यह उद्योगशून्य जिला है और यहां से रोजी-रोटी के लिए बाहर के शहरों में कलकत्ता, मुंबई एवं पंजाब में अधिकतर लोग जाया करते हैं। पूर्व में एक चीनी मिल वर्ा 1991-92 में इस जिले में प्र ास्तावित थी परन्तु वह किन्हीं कारणों से अब तक नहीं लग पाई है। यह बाढ़ प्रभावित जिला है, हर साल बाढ़ के प्रकोप में रहता है और जो किसान गन्ना पैदा करते हैं, उनको अपना गन्ना बगल की चीनी मिलों जैसे बस्ती, वाल्टरगंज, बभनान, तुलसीपुर, बलरामपुर ले जाकर सप्लाई करनी पड़ती है जिसके कारण किसानों को बड़ी असुविधा होती है। इस साल चीनी मिलें देर से चली हैं इसलिए किसानों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कम से कम एक चीनी मिल अवश्य लगाई जाए जिससे काश्तकारों को अपना गन्ना बेचने में सहायता मिले।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस क्षेत्र में एक चीनी मिल, जिसका लाइसेंस पहले से स्वीकृत था, उसे लगवाने का कट करें जिससे जनता को अपना गन्ना बेचने में सहुलियत हो तथा उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके।